हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

5

जबलपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

समय से पूर्व सुनिश्चित करें आदि उत्सव की तैयारियाँ-कलेक्टर

मण्डला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बिछिया में आदि उत्सव की तैयारियों के संबंध में बिछिया अनुविभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि रामनगर में आयोजित होने वाले आदि उत्सव की सभी तैयारियाँ समय से पूर्व सुनिश्चित करें। गर्मी को देखते हुए पेयजल तथा शीतल पेय आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखें। बैठक के दौरान उन्होंने सहायक आयुक्त ट्राईबल एवं सीईओ जनपद पंचायत बिछिया से कार्यक्रम की तैयारियों के विषय में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि 4 एवं 5 मई के लिए कार्यक्रमों की सूची तैयार करें। 4 मई को ओपनिंग ईवेंट के बाद हेल्थकैम्प एवं एमिल्को के कैम्प का आयोजन करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए शाम का समय निर्धारित करें। बैठक में बिछिया जनपद क्षेत्र, बिछिया नगर परिषद, मोहगांव तथा घुघरी क्षेत्र से सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में शामिल होने वाले जोड़ों के विषय में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी, तहसीलदार बिछिया, बीईओ मंडला श्री रंजीत गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित रहे।

रोजगार युवा संगम मेले में 7 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

मण्डला। जिला प्रशासन मण्डला के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार युवा संगम मेले का आयोजन नगरपालिका टाउनहॉल मण्डला में आयोजित किया गया। मेले में 45 युवाओं ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन किया। रोजगार युवा संगम मेले में नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, संयुक्त कलेक्टर श्री सी.एल. वर्मा द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं उपस्थित अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की चार प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा 7 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन एवं 3 का अप्रेंटिसशिप के लिये चयन किया गया।

हमारी जीवनशैली में तकनीकि ज्ञान का होना बहुत जरूरी है-मंत्री श्रीमती संपतिया उइके

प्रोजेक्ट स्वाध्याय कोडिंग फॉर ऑल का शुभारंभ

*** 208 स्कूलों के 50 हजार 335 विद्यार्थी होंगे लाभान्वित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आधुनिक युग में तकनीकि ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। जिस प्रकार से हमारे शरीर को ऑक्सीजन की जरूरत होती है, उसी प्रकार से अब हमारी जीवनशैली के लिए तकनीकि ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार तकनीकि और कौशल विकास के क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत देश में इन क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके बुधवार को जिला योजना भवन में आयोजित प्रोजेक्ट स्वाध्याय कॉडिंग फॉर ऑल के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट सहित विभागीय अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि भारत देश में अधिकांश नागरिक सोशल मीडिया से जुड़े हैं। अपने रोजाना की दिनचर्या में स्मार्ट फोन का उपयोग करते हैं हम तकनीकि ज्ञान के माध्यम से इन क्षेत्रों में भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं इसलिए आधुनिक युग में तकनीकि ज्ञान सीखना बहुत जरूरी है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा प्रारंभ किया गया प्रोजेक्ट स्वाध्याय कोडिंग फॉर ऑल विद्यार्थियों के तकनीकि ज्ञान के लिए एक शानदार पहल है। इससे विद्यार्थियों में तकनीकि ज्ञान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय में कक्षा 9वी से कक्षा 12वी तक के छात्र-छात्राएं घर बैठे मोबाईल के माध्यम से निःशुल्क कोडिंग का प्रशिक्षण प्रदान कर सकेंगे। इसमें बेहतर कार्य करने वाले विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए कॉन्क्लेव समिट का आयोजन कर रहे हैं। प्रोजेक्ट स्वाध्याय में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय जिले में विद्यार्थियों को तकनीकि ज्ञान सीखने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इससे विद्यार्थी कम आयु में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में प्रोजेक्ट स्वाध्याय का शुभारंभ होने से विद्यार्थियों को तकनीकि ज्ञान सीखने में मदद मिलेगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने प्रोजेक्ट स्वाध्याय के लिए जिला प्रशासन की इस पहल की जमकर प्रशंसा की।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय कोडिंग फॉर ऑल में जिले के शासकीय स्कूलों के कक्षा 9वी से कक्षा 12वी तक के विद्यार्थियों को घर बैठे मोबाईल के माध्यम से कोडिंग सीखाया जायेगा। इसमें विद्यार्थी कोड योगी के माध्यम से ऑनलाईन मोबाईल के द्वारा पंजीयन कराकर टेलीग्राम ऐप के जरिए सरल तरीके से 3 से 6 माह में कोडिंग सीख सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय के अंतर्गत जिले के 208 स्कूलों में नोडल शिक्षक का कोड योगी अंतर्गत पंजीयन कराया जाना है। इसमें जिले के 50 हजार 335 विद्यार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर ने कहा कि प्रोजेक्ट स्वाध्याय के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों को आईटी के क्षेत्र में जाने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को कम उम्र में रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी निःशुल्क मोबाईल कोडिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रदेश को आईटी हब बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करेंगे।

जल संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है-कलेक्टर

*** बिछिया के ग्राम भौंदा में जल चौपाल का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने बिछिया विकासखंड के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत लपटी के पोषक ग्राम भौंदा में आयोजित जल चौपाल में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जल को बनाया नहीं जा सकता, इसे बचाया जा सकता है। जल संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने पर्यावरण की सुरक्षा स्वयं आगे आकर करनी होगी। आप सभी पर्यावरण एवं जल संरक्षण के कार्य अपने हाँथ में लें प्रशासन आपका प्रत्येक कार्य में सहयोगी होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अनेक गतिविधियाँ और जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही साथ विभिन्न जल स्त्रोतों का नवीनीकरण भी कराया जा रहा है। ऐसे सभी कार्यों में आप सभी सहभागी बनें एवं अभियान को सफल बनाएं।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं बच्चों से की आत्मीय चर्चा

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने महिला स्व-सहायता समूह की बहनों के साथ नीचे बैठकर ग्राम विकास के लिए महिलाओं द्वारा की गई मैपिंग को समझा। मंदाकिनी आजीविका संकुल संगठन बिछिया की पदाधिकारी श्रीमती शशि मसराम ने ग्राम के सामाजिक मानचित्र तथा संसाधन मानचित्र के माध्यम से कलेक्टर तथा सीईओ से कार्ययोजना के विषय में चर्चा की। महिलाओं एवं बच्चों से आत्मीय चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण के अभियान में महिलाओं और बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए जल संरक्षण विषयक पैंटिंग, स्लोगन राईटिंग आदि का अवलोकन किया एवं बच्चों को शाबाशी दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत बिछिया अध्यक्ष श्रीमती सकुना उइके, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, सीईओ जनपद पंचायत रमेश मंडावी, विकासखंड प्रबंधक श्रीमती शाहीन परवीन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पहलगाम आतंकी हमला जनता में भारी आक्रोश

*** विद्यार्थी परिषद ने निकाला कैंडल मार्च आतंकवाद का किया पुतला दहन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया. हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने विद्यार्थी परिषद ने मंडला में कैंडल मार्च निकाला पुतला दहन किया. इसमें आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई.शहरवासियों ने बैग बैगी चौक से कैंडल मार्च निकालकर चिलमन चौक में पुलता दहन किया एवं अपना आक्रोश जताया।

विद्यार्थी परिषद के वागीश पटेल का कहना है कि भारत में रह रही देशविरोधी ताकतों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. हमले में स्थानीय लोगों का इंवॉल्वमेंट रहा है, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए. लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा. लोगों ने कहा कि इस आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट है. आतंकवादियों को पनाह दे रहे देश पर कार्रवाई होनी चाहिए. कठोर जवाब देना चाहिए. जिस प्रकार से पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी है यह अत्यंत निन्दनीय है,आतंकी हमले में देश के बेगुनाह नागरिक मारे गए. इससे पूरे देश में भारी आक्रोश है.आने वाले दिनों में अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है. पहलगाम से जत्था रवाना होता है. इस यात्रा को लेकर भय का माहौल बनाया जा रहा है।इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

पृथ्वी दिवस पर रेवती महाविद्यालय में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

22 अप्रैल 2025 पृथ्वी दिवस के अवसर पर रेवती महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कनिका खरे की अगुवाई में छात्रों एवं समस्त स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. कनिका खरे द्वारा पौधारोपण कर की गई, जिसके पश्चात महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए। इस अवसर पर डॉ. खरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया।

वृक्षारोपण के दौरान छात्रों में उत्साह देखने को मिला और सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। महाविद्यालय परिसर में कुल 50 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनकी देखरेख हेतु एक विशेष समिति भी गठित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलने की प्रेरणा देना था।

प्रदर्शन | **सांकेतिक विरोध के चलते 9 अप्रैल से काली पट्टी बांधकर कर रहे काम।**

कृषि विभाग अधिकारी कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

*** 01 मई से अनिश्चित कालीन हड़ताल की धमकी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

संयुक्त मोर्चा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संघ म.प्र राज्य कर्मचारी संघ, सहायक संचालक कृषि संघ,म.प्र. कृषि विस्तार अधिकारी संघ, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संघ मप्र कृषि विकास अधिकारी संघ एवं म.प्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री मप्र शासन भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग है कि वर्ष 2015 से अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं दिये जाने समय से समयमान वेतनमान स्वीकृत नहीं किये जाने एवं पंच स्तरीय समयमान वेतनमान जैसी मांगों के पूरा नहीं होने से कर्मचारी जगत में निराशा व्याप्त है तथा अधिकारियों कर्मचारियों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है। आपके द्वारा हाल ही में प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2015 से रुकी हुई पदोन्नति पर जल्द फैसला लेने संबंधी घोषणा से कर्मचारी काफी आशान्वित एवं उत्साहित हैं। इस दिशा में कृषि विभाग द्वारा कोई भी ठोस कदम उठाया जाना धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा हैं। उक्त उदासीनता के चलते हैं कृषि विभाग के सभी स्तर के अधिकारी कर्मचारी अपना सांकेतिक विरोध दर्ज कराने 9 अप्रैल से लगातार काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जो कि 30 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा। इसी दौरान 21 अप्रैल को विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा कलम बंद हड़ताल एवं 22 अप्रैल को सामूहिक अवकाश पर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की मांग हैं कि वर्ष 2015 से विभाग में रुकी हुई पदोन्नति को बहाल करते हुए यथाशीघ्र पदोन्नति की कार्यवाही प्रारम्भ की जाए। पात्र हो चुके अधिकारियों कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने हेतु यथाशीघ्र स्वीकृति आदेश प्रसारित किये जायें। कृषि विभाग तकनीकी प्रकृति का होने के कारण संचालक के पद पर तकनीकी अधिकारी की ही पदस्थापना की जाए तथा संचालनालय में कमश्निर की पदस्थापना की जावे। कृषि विभाग तकनीकी प्रकृति का होने के कारण पांच स्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदाय किया जाए। विभाग में सेवानिवृत्त अधिकारियों को संविदा पर न रखा जाये तथा विभागीय संस्थाओं जैसे बीज प्रमाणी करण संस्था, एवं अन्य में विभागीय अधिकारी से ही पदस्थापना की जावे। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के प्रथम उच्चतर वेतन 4200 के स्थान पर ग्रेड पे 5400 छठवें वेतनमान अनुसार किया जावे। कृषि विस्तार अधिकारी की ग्रेड पे 2400 के स्थान पर 2800 ग्रेड पे किया जावे। कृषि विस्तार अधिकारी के कार्य तकनीकी होते है एवं भर्ती नियमों के अनुसार कृषि विस्तार अधिकारियों की भर्ती के लिए तकनीकी स्नातक डीग्री बीएससी(एजी)आर्हता है जो कि आईसीएआर के आदेश क्र. एफएनई/13-01-2016 एसआर दिनांक 06.10.2016 अनुसार कृषि एवं संबंधित विषयों की स्नातक शिक्षा व्यवसाईक तकनीकी शिक्षा घोषित की गई है अतः कृषि विस्तार अधिकारी पद को तकनीकि पद घोषित किए जाने का अनुरोध है। कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारियों के समान रू. 4000 एग्री स्टेक भत्ता प्रतिमाह दिये जाने का अनुरोध है। कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की मांगों का निराकरण मांग की गई है। अन्यथा कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी 1 मई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने हे लिये बाध्य होगे। मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मसिंह धुर्वे ने बताया कि सरकार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश का चहुंमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। आपके सपनों का प्रदेश बनाने की दिशा में मप्र किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी कंधे से कंधा मिलाकर सरकार की नीतियों को धरातल पर साकार करने मे अपना दिन रात एक कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश को पिछले 10 वर्ष मे 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। वर्तमान में प्रदेश राष्ट्रीय खाद्यान्न भण्डार मे दूसरे नंबर का राज्य बन गया है।

सीएम राइज विद्यालय अंजनिया में 21वीं सदी के कौशल विकास हेतु समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजानिया

सीएम राइज विद्यालय अंजनिया में दिनांक 20 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जनजातीय कार्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों के विकास हेतु संचालित किया जा रहा है। समर कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों को सात विभिन्न थीम्स पर आधारित गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिल रहा है।

आज के दिन की गतिविधियाँ "संस्कृति के रंग–हमारी विरासत, हमारी पहचान" थीम पर केंद्रित रहीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक गोंड कला (गोंड आर्ट) की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन से हुई। इसके पश्चात ग्रामीण विकास एवं महिला उत्थान संस्थान के प्रमुख श्री राम कुमार सिंगोर ने गोंड कला की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी सांस्कृतिक महत्ता तथा इसके निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि गोंड आर्ट केवल एक चित्रकला नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति की समृद्ध पहचान है, जिसे सीखकर युवा भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं।

समर कैंप के दौरान विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न थीमों पर आधारित रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, संवाद, सहयोग और आलोचनात्मक सोच जैसे 21वीं सदी के कौशलों का विकास करना है।

इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, हेमंत कुमार राणा (प्राचार्य) शिक्षक-शिक्षिकाएँ, सहयोगी कर्मचारी एवं पिरामल फाऊंडेशन से प्रवीण देशमुख (जिला समन्वयक गांधी फेलो) उपस्थित रहे।

जंगल क्षेत्र की अनेक पंचायतों में शासन की राशि खर्च होने के बाद भी अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य

गाडरवारा। यह बात अलग है कि बीते हुये पंचायत का कार्यकाल बदले हुये नये पंचायतों के गठन को भी तीन साल से अधिक का समय बीतने को है। मगर यदि पंचायतों द्वारा जिस तरह विकास कार्यों में नाम पर शासन की राशि की होली खेली गई है उसकी सच्चाई जंगल क्षेत्र के उन गांवों में देखने आसानी से मिल सकती है जहां पर विकास कार्यों के नाम पर पैसा तो खर्च हुआ है। मगर आज भी अनेक पंचायतों में अधूरे पड़े हुये विकास कार्य पंचायत के बीते हुये कार्यकाल से लेकर वर्तमान पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की गफलत बाजी की सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रही है? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले जंगल पट्टी की अनेक पंचायतों में असानी से देखने मिल सकता है। बताया जाता है कि पंचायतों द्वारा यहां के गांवों में निर्माण कार्यो के नाम पर सरकारी राशि खर्च तो कर डाली है। सरकारी धन खर्च होने के बाद भी जहां निर्माण कार्य आज भी अधूरे दिखाई दे रहे है तो दूसरी ओर स्वच्छता के नाम पर लाखों रूपया खर्च होने के साथ साथ पंचायतों द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से कागजों में जहां ओडीएफ इसके बाद ओडीएफ प्लस के रिकार्ड के दस्तावेजों में नई नबेली दुल्हन की तरह सजाकर जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर उत्कृष्ठ पुरूस्कार लेने के हकदार बनने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है? मगर इन पंचायतों की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि लोगों के घरों में आज भी अधूरे पड़े हुये शौचालय गफलतबाजी का अधिकारियों को आईना दिखाने से नही चूक रहे है और शौचालय निर्माण के लिये खोदे गये गड्ढे लोगों के लिये कचरादान बन जाने के कारण शोभा की सुपारी बनकर रहे गये है? मगर इस सबके बाद हैरत तो इस बात को लेकर देखने मिल रही है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर देश में आयोजित होने वाली सबसे बुद्धिमान दर्ज की परीक्षा को सफल करने अधिकारियों के हाथों में बागडोर होने के बाद भी उनके अधिनस्थ आने वाले क्षेत्रों में इस तरह दौड़ रही गफलत बाजी की रैलगाड़ी को वह खुद ही हरि झंडी दिखाते हुये नजर आने से नही चूक रहे है? यह बात अलग है कि जब जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया जाता है कि इसकी जानकारी ब्लाक से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियो को पहले ही मिल जाने के चलते वह अपनी पंचायतों को दुल्हन की तरह सजाते हुये अधिकारियों के स्वागत हेतु तैयार तो कर लिया जाता है और इसी के चलते यहां की वास्तविक सच्चाई उजागर होने से बच जाती है? यदि यही सक्षम अधिकारी अचानक बगैर किसी पूर्व सूचना के जंगल क्षेत्र के इन गांवों को अचानक दौरा कर लेवे तो हरिभूमि द्वारा उठाई जाने वाली इस सच्चाई पर मुहर लगने से नही चूक पायेगी? मगर वह कहाबत है कि थोडे थोड़ में सभी की सोंझआई होती है तो नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारियों को सब कुछ दीप की आग के सामने काली लता भी हरियाली फैलाते हुये शीतलता का प्रसाद बटने से नही चूक पाया है? जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों के गांवों का रूख किया जावे तो यहां पर हाई स्कूल से लेकर शमशान घाट सहित शौचालयों का अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य तथा गांवों में फैल रही गंदगी जो देश के प्रधान मंत्री से लेकर प्रदेश में मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने का ग्रहण लगाते हुये देखी जा रही है। वह निश्चित तौर से निष्ठावान बनकर उत्कृष्ठ पुरूस्कार के लिये ताल ठोकने वाले अधिकारियों की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ेगे? वही दूसरी ओर यदि जो निर्माण कार्य हो भी चुके है तो वह चंद दिनों के अंदर टूटते हुये अपनी गुणवत्ता की कहानी बया करने से नही चूक रहे है। तो दूसरी ओर सरोबर तालाबों के निर्माण पर लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये द्वो झुरैईयों के बीच तालाब तैयार करते हुये शासन की राशि का कस तरह पंचायत से लेकर ब्लाक व जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा बंदर बांट किया गया है इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली जंगल पट्टी क्षेत्र की पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकता है? यदि पंचायतों के पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यो की किसी निष्ठावान अधिकारी से जांच कराई जावे तो सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही बच पायेगी? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिन सक्षम अधिकारियों के लिये जिले से लेकर तहसील स्तर पर निगरानी करने के जिम्मेदारी सौपी गई है वह अपने कार्यालयों से निकलना तक उचित नही समझते है और दूसरी ओर मान लिया जावे कि जब कभी कही किसी पंचायत या क्षेत्र का निरीक्षण करने की औपचारिकता निभाई जाती है तो वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले से ही सूचना देखकर पहुंचने के चलते गफलत बाजी की सच्चाई आंखों से ओझल होने से नही चूक पाती है..? इसी का परिणाम है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम बुद्धिमान अधिकारियों की उदासीनता के चलते ब्लाक स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर बैठे हुये कर्मचारियों द्वारा पूर्णरूप से पंचायतों के विकास कार्यो के नाम पर शासन की राशि की होली खेलते हुये विकास कार्यो की गति को मात्र कागजों पर चलाते हुये देखने मिल रहा है? यदि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम अधिकारियों द्वारा अचानक गोटीटोरिया क्षेत्र के जंगल पट्टी की ग्राम पंचायतों का अचानक दौरा किया जावे तो निश्चित तौर से पंचायतों के बीते हुये कार्यकाल से लेकर वर्तमान पंचातयों के दो साल के कार्यकला के दौरान शासन की राशि खर्च होने के बाद भी अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य पंचायत से लेकर ब्लाक तथा जिला स्तर के सक्षम अधिकारियों की कार्य प्रणाली उजागर होने से नही बच पायेगी?

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमृत सरोवर बेरखेडी व पलेरा में किया गया जल संगोष्ठी व श्रमदान का आयोजन

सालीचौका। जल गंगा संवर्धन के तहत सेक्टर क्रमांक 2 बसुरिया कि ग्राम पंचायत के ग्राम पलेरा बेलखेड़ी अमृत सरोवर में जल संगोष्ठी व श्रमदान सेवा कार्य म.प्र. जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में जल ज्योति स्व सहायता समूह बेलखेड़ी व ग्राम पंचायत के समन्वय से ग्राम पंचायत सरपंच सतीश तिवारी कि अध्यक्षता मे जल संगोष्ठी आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस संगोष्ठी में सेवा सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमति चित्रा पांड़े ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जल संवर्धन जब तक जन जन का अभियान नहीं बनेगा तब तक जल के प्रति जागरूकता नहीं आ सकती। इस कार्य के लिए आप जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं से बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। वही जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति राधा बाई / कमलेश आहिवार ने म.प्र. शासन के जल गंगा संवर्धन को महत्वपूर्ण पहल बताया गया। वही अगले वक्ता के रूप में सेवानिवृत शिक्षक अशोक स्थापक ने जल संवर्धन और संरक्षण को बताया कि हमें संवर्धन और संरक्षण कैसे करना चाहिए। इस दौरान सरपंच सतीश तिवारी ने बताया कि अभी भी हम लोगों को जल प्रकृति के लिए जागरूक होना होगा , वही ज.प . अध्यक्ष बाबई चीचली राधाबाई कमलेश आहिवार ने अपनी पानी बचाओं रे नर नारी पर सुन्दर रचना प्रस्तुत की गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव अशोक श्रीवास्तव द्वारा शासन कि योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। जल संवर्धन शपथ **N C I** हाई स्कूल संचालक राजेन्द्र परिहार ने जल संवर्धन पर शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों का ग्राम सरपंच सतीश तिवारी द्वारा शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसके उपरांत तालाब में श्रमदान करते हुए साफ सफाई एवं खंती निमार्ण , मेड़ बंधान के कार्य को लेकर श्रमदान किया गया। वही कार्यक्रम का मंच संचालन हरदौल संस्था सचिव रामेश्वर वर्मा एवं आभार व्यक्त जल ज्योति स्व सहायता समूह अध्यक्ष श्रीमति राजकुमारी लोधी द्वारा किया गया। इस मौके पर सचिन राधाबाई विश्वकर्मा मध्य प्रदेश आजीविका मिशन विकास बाबई चीचली भी मौजूद रही। इस मौके पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलेरा अध्यक्ष लीलाधर लोधी, सचिव दीपक वर्मा , जनशक्ति सेवा समिति उकास घाट अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत , नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति सचिव रामेश्वर वर्मा, प्रभात पटेल , **G V P S** लवासर कमलेश मेहरा, चंद्रकांत गढ़वाल, पतिराम सिलोकिया, नारायण प्रसाद लोधी, भैरव प्रसाद विश्वकर्मा, कैलाश धानक, बडा दादा, तरुण आर्दश, सुमित, कृष्णा, ग्यारसी नौरिया,ग्राम कोटवार फूलचंद मेहरा, महिला शक्ति श्रीमति राजकुमारी लोधी, राधाबाई विश्वकर्मा, वर्षा लोधी, रामकली बाई, लक्ष्मी बाई लोधी, निक्की वर्मा, वीर खेरी, फूलचंद मेहरा ग्राम कोटवार के आलवा श्रमदान में नवांकुर संस्थाएं बसुरिया, उकासघाट, प्रस्फुटन समिति पलेरा, लवासर, बसुरिया, जल संरक्षण प्रेमी एवं स्थानीय रहवासियों के साथ श्रमदान आयोजित कर जल गंगा अभियान को गति प्रदान की गई। इस दौरान बताया गया कि अमृत सरोवर तालाब की जल ज्योति स्वच्छता समूह द्वारा लगभग दो वर्षो से देख रेख मछली पालन सिंघाड़े की खेती लगातार की जा रही है और जल ज्योति स्व सहायता समूह की 10 महिला सदस्यों द्वारा बताया गया कि अमृत सरोवर तालाब उन्हें एक वरदान के रूप में साबित हो रहा है। इसी से उनके परिवार की आजीविका चलती है लगभग 2 वर्ष से समूह कि महिला सदस्यों द्वारा अमृत सरोवर तालाब की रेख देख साफ-सफाई पंचायत के मार्गदर्शन में लगातार की जाती है जिसमें ग्राम पंचायत पलेरा के सरपंच सतीश तिवारी, पंचायत सचिव अशोक श्रीवास्तव का पूरा सहयोग प्राप्त होता है शासन के दिशा निर्देशों का हमेशा पालन किया जाता है।

सिहोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में जप्त की गई अवैध शराब

सिहोरा /बोहानी। शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देषन में लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते सिहोररा पुलिस चौकी प्रभारी अभयराज ठाकुर द्वारा चौकी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही करते हुये देखा जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिनों में सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पुरगंवा बस स्टेन्ड के पास राकेश पिता भीकम सिंह पटैल निवासी ग्राम गरहा के पास से 17 पाव तथा सिहोरा मंडी के पास ग्राम भौरझिर निवासी सतीष पिता परमानंद जाटव के पास से 15 पाव व अर्जुन पिता पूरन लाल के पास से 3 लीटर तथा आदर्श ढाबा ग्राम पुरगांवा के पास बहीद पिता रमजान खान निवासी ग्राम पनारी के पास से 13 पाव तथा ग्राम अजंसरा में वही के निवासी छगन लाल पिता हल्के प्रसाद जाटव के पास से 13 पाव देशी प्लेन व ग्राम गरहा में दिनेश पिता अन्नी लाल ठाकुर के पास से 13 पाव देशी तथा संजय पिता कोमल प्रसाद बंशकार निवासी आमगांव बडा के पास से 13 पांव व सिहोरा मंडी के पास से कालूराम पिता कोदू लाल किरार ग्राम गरहा के पास से 15 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई।

एक सप्ताह पहले जप्त की गई पचास लाख की अवैध शराब के दो और आरोपी लगे पुलिस के हाथ, अन्य बचे शेष आरोपियों की खोज में जुटी पुलिस टीम

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस द्वारा एक सप्ताह पहले यानि की बीते हुये 17 अप्रैल को नगर के वायपास मार्ग सोया प्लांट के समीप स्थित गोल्डन सिटी कालोनी में जिस प्रकार से एक ट्राला में भरी हुई भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई थी। इस तरह गाडरवारा पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता की जानकारी जब जिले से लेकर प्रदेश तक पहुंची तो संपूर्ण प्रदेश में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया था। वही दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा खुद ही मौके पर पहुंचकर जप्त की गई 600 पेटी अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत पचास लाख से अधिक बताई जा रही थी उसका निरीक्षण करते हुये हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा टीआई विक्रम रजक को आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये लगातार दिशा निर्देश देते हुये मौके से भाग चुके हुये आरोपियों की खोजबीन के लिये सख्त आदेश दिये गये थें। इस तरह गाडरवारा क्षेत्र में काफी लम्बे अंतराल के बाद पकड़ी गई भारी मात्रा में अवैध शराब को लेकर अनेक प्रकार की चर्चाओ का बाजार गर्म होते हुये देखा जा रहा था। वही दूसरी ओर मौके से जप्त किये गये ट्रक ट्राला क्र. **RJ**19**GG**6377 तथा ट्रेक्टर क्रमांक **MP**49**AB**1154 को आधार बनाते हुये जब पुलिस द्वारा इस मामले की जांच शुरू की गई तो इसके पहले पुलिस द्वारा दो आरोपियों गिरफ्तार करते हुये इस मामले का राज खुलवाने में काफी हद तक सफल हो गई थी। वही पूर्व में गिरफ्तार किये गये स्थानीय स्तर के दो आरोपियों को जेल भेजने के बाद डीएसपी रत्नेश मिश्रा व टीआई विक्रम रजक की टीम अन्य आरोपियों की खोजबीन में लगतार जुटी हुई देखी जा रही थी। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा एक सप्ताह पहले पकडी गई पचास लाख से अधिक कीमत की अवैध शराब के अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि आरोपियों की खोज में भेजी गई अलग अलग पुलिस टीमों द्वारा जाबरा जिला रतलाम से प्रकरण के आरोपी ट्राला क्र. **RJ**19**GG**6377 के मालिक एवं चालक प्रदीप कुमार पिता स्व.गोरधन राम उम्र 26 वर्ष निवासी वीरेन्द्र नगर थाना बायतू जिला बालोतरा राजस्थान तथा पुलिस की दूसरी टीम द्वारा जबलपुर से प्रकरण के अन्य संदेही नितेष पिता शमशेर बहादुर सिंह उर्फ शमशेर सिंह उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्र. 09 नीम चौराहा बोदा बाग थाना महाविद्यालय रीवा को अपनी हिरासत में लेते हुये जब पूछताछ की गई तो पकडे गये इन आरोपियों द्वारा भारी मात्रा में शराब के अवैध परिवहन संग्रह एवं व्यापार में संलिप्त होने की बात स्वीकार की गई है। इस तरह एक सप्ताह पहले पकड़ी गई शराब के दो आरोपियों को और पुलिस द्वारा पकड़ते हुये मा न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस मामले के अन्य भेंद खोजने के प्रयास में जुटी हुई देखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले के दो आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके है। इसके बाद यानि की बीते हुये 22 अप्रैल को राजस्थान व जबलपुर से दो आरोपियों को और पकड़ने में सफलता हासिल की जा चुकी है। इस तरह अभी तक इस मामले में कुल चार आरोपी पुलिस के हाथ लग चुके है। इस तरह चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अन्य दो आरोपी फरार बताये जा रहे हे जिनकी खोजबीन में पुलिस जुटी हुई देखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक हुई जांच में जस तरह आरोपियों के नाम व साक्ष्य मिले है उस आधार पर कुल 6 आरोपियों के नाम उजागर हुये है जिसमें दो आरोपियों को पहले इसके बाद दो आरोपियों को 22 अप्रैल को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल हो चुकी है। इसके बाद अब दो आरोपी शेष बजे जनकी खोजबीन करने में पुलिस जुटी हुई है। फरार चल रहे इन दो आरोपियों की गिरफ्तार होने के बाद इस मामले कुछ ओर राज खुलने की संभावना जताई जा रही है..? पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हो सकता है कि आरोपियों की संख्या में और इजाफा हो जावे या फिर इस अवैध कारोबार से जुडे हुये अन्य लोगों के नाम उजागर हो जावे। इसी बात को ध्यान में रखते हुये अभी तक की जांच में सामने आये आरोपियों में चार की गिरफ्तार के बाद जो दो आरोपी शेष बजे है उन्हें खोजने के लिये पुलिस द्वारा रात दिन एक करते हुये जहां तहां छापा मार कार्यवाही करते हुये देखा जा रहा है।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं ने बनाये आकर्षक चित्र

गाडरवारा।

जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अतर्गत आने वाले ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे छात्र छात्राओं ने विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर आकर्षक चित्रकारी का प्रदर्शन किया गया। बताया जाता है कि इस मौक़े पर उन्होंने पृथ्वी के चित्र बनाकर उसमे आकर्षक रंग भरे एवं प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रा लक्ष्मी केवट ने बताया कि पृथ्वी सौर मंडल का ग्रह है जिस पर हम सभी रहते है। वही छात्र हंसराज केवट ने कहा कि धरती पर जीवन तभी सुरक्षित है जब हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे। इस अवसर पर संस्था के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने छात्र छात्राओं को पृथ्वी दिवस मनाये जाने से जुडी जानकारियो से अवगत कराया गया। वही पृथ्वी दिवस के आयोजन मे प्रधान पाठक दशरथ जाटव, सुरेश चौहान, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, रानू यादव का योगदान सराहनीय रहा। चित्रकला मे अनीता केवट, बबली केवट तारा केवट सहित अन्य बच्चों ने सहभागिता की। आयोजन मे फ्लोरा वनस्पति एवं उसके क्यूआर कोड के बारे मे भी बताया गया।

कलेक्टर ने चीचली जनपद क्षेत्र के भ्रमण दौरान किया आंगनबाड़ी, शासकीय विद्यालय सहित सोसायटी का निरीक्षण, स्कूली बच्चों से की चर्चा

चीचली। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब जिले के सक्षम अधिकारियों द्वारा समय समय पर अपने अधिनस्थ रहने वाले कार्यालयों व क्षेत्र में पहुंचकर अचानक निरीक्षण किया जाता है तो अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों में दहशत बनी रहती है और वह अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठा के साथ करते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार से जिला कलेक्टर श्रीमति पटले द्वारा आये दिन क्षेत्र में अचानक निरीक्षण करते हुये देखी जाती है। इसी प्रकार से बीते हुये बुधवार को जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने अपने भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बटेसरा, कुड़ारी, करपगांव एवं रायपुर पहुंचकर वहां के विद्यालय, सेवा सहकारी समिति, खेत- तालाब व ई- केवायसी के कार्य का जायजा लिया। बताया जाता है कि इस दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्राम बटेसरा में खेत- तालाब निर्माण कार्य का जायजा लेते हुये संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गाँव के किसानों को खेत- तालाब बनाने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि खेत- तालाब का निर्माण हो जाने से भू- जल स्तर में वृद्धि होगी। साथ ही खेत में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी उपलब्ध होगा। बरसात का पानी तालाब में एकत्रित होगा और तालाब में मछली पालन, सिंघाड़ा व अन्य उत्पाद लेकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। तदुपरांत ग्राम पंचायत बटेसरा के निरीक्षण के दौरान ई- केवायसी कार्य का भी जायजा लिया। बताया जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, गाडरवारा एसडीएम श्रीमती कलावती बयारे के आलवा अन्य विभागीय अधिकारी व मैदानी अमला मौजूद रहा। इसी प्रकार से जिला कलेक्टर ने ग्राम बटेसरा में आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण करने के लिये पहुंची। यहां पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बताया गया कि इस आंगनबाड़ी केन्द्र में 35 बच्चे दर्ज हैं और उन्हें निर्धारित मीनू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन दिया जाता है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमति पटले ने इस बात की पुष्टि आंगनबाड़ी में मौजूद बच्चों से चर्चा करते हुये की गई तथा उन्होंने बच्चों के टीकाकरण, उनकी पढ़ाई, सेम- मेम की स्थिति, एनआईसी में भर्ती बच्चों की संख्या, पोषण भी- पढ़ाई भी के अंतर्गत गतिविधियों की जानकारिया भी ली गई। इसके उपरांत कलेक्टर ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला बटेसरा व सीएम राईस स्कूल करपगांव का भी निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि ग्राम बटेसरा में कक्षा पहली से कक्षा 8 वीं तक के कुल 73 बच्चे दर्ज हैं। बच्चों की संख्या कम होने पर भी इसका कारण शिक्षकों से जाना। यहां शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने कक्षा दूसरी के छात्र प्रिंस से बात की और आज की पढ़ाई के बारे में पूछा। बच्चों ने बताया कि उन्हें नई किताबें मिल गई है। सीएम राईस स्कूल करपगांव के निरीक्षण के दौरान आईसीटी लैब और प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया। इसके बाद वह ग्राम पंचायत रायपुर में ई- केवायसी व समग्र ई-केवायसी की जानकारी लेने पर बताया गया कि अब तक ग्राम रायपुर में 68 प्रतिशत ई- केवायसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समय सीमा के भीतर ई- केवायसी का कार्य पूर्ण किया जावे।

पानी टंकी क्षेत्र में कुत्तों के अंतक से राहगीर हो रहे परेशान, किसी दिन बड़ी घटना का कारण साबित होने की संभावना से नहीं किया जा सकता है इंकार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है। इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका बनते हुये दिखाई दे रही है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है। पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है। लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ित कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है। बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए। क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ महिनों से देखा जा रहा है शाम होते ही नगर की पानी टंकी क्षेत्र में जिस प्रकार से कुत्तो का आतंक इस तरह होता है कि दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने से नही चूकते है। इस तरह जब कोई बाइक चालक अपनी गति से जा रहा होता है और यहां पर घुमने वाले आवारा कुत्तों का झुंड अचानक भौगते हुये बाहक के पीछे हमला करने की मुद्धा में छौड़ता है तो मोटर साईकिल चालक अपना नियंत्रण खोने से नही चूकता है। इस स्थिति में जहां दुर्घटनाओं की संभावना पैदा होने से नही चूक पा रही है..? प्रतिदिन देखा जाता है कि कुछ लोगों द्वारा आटों के माध्यम से कुत्तों को भोजन कराने के लिये पहुंचते है। इस तरह कुत्तों को भोजन किराना बुरी बात नही है। मगर इस तरह कुत्ता को रहवासी व मुख्य मार्ग किनारे खिलाये जाने के कारण कुत्तों का झुंड पानी टंकी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर ही अपना डेरा जमाये रहता है। इस स्थिति में वह इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों के ऊपर हमला बोलने की स्थिति में जब पीछे दौड़ते है तो वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होने से नही बच पा रहे है। शासन प्रशासन से आम लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि कुत्तों का भोजन देने के लिये आने वाली इस समिति को किसी अन्य इस तरह की जगह पर भोजन देने के लिये निर्देशित किया जावे जिससे कुत्तों को भोजन भी मिल जावे और यह कुत्ता आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा न कर पाये..?

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित

शहपुरा - प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित की जा रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह योजना विशेष रूप से उन युवाओं के लिए है, जो स्वयं का व्यवसाय या उद्योग स्थापित करना चाहते हैं।योजना के अंतर्गत विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार से जुड़े क्षेत्रों में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। पात्र आवेदकों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदान किया जाएगा, जिसमें शासन द्वारा ब्याज अनुदान की सुविधा भी दी जाती है।इच्छुक लाभार्थी योजना का लाभ उठाने के लिए समस्त पोर्टल (https://samast.mponline.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल है, जिससे पारदर्शिता और सुगमता बनी रहती है।<अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए आवेदक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डिण्डौरी (स्थान – बैगा, बैगी चौराहा, औराई तिराहा) में संपर्क कर सकते हैं। केंद्र पर संबंधित अधिकारी योजना से जुड़ी समस्त जानकारी, दस्तावेजों की सूची तथा आवेदन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

माहेश्वरी समाज ने कश्मीर हमले की कड़े शब्दों में की भर्त्सना

अनूपपुर। कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमले की अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की ओर से कड़े शब्दों में भर्त्सना की गई है। यह कायराना और अमानवीय कृत्य न केवल मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की आत्मा को भी आहत करता है। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा ने कहा कि हम भगवान महेश से प्रार्थना करते हैं कि वे इस नृशंस कृत्य में शहीद हुए सभी निर्दोष नागरिकों को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और शोकसंतप्त परिवारों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति दें। यह समय एकजुट होकर देश की एकता, अखंडता और मानवता के पक्ष में खड़े होने का है। हम समस्त माहेश्वरी समाज से अपील करते हैं कि इस दुख की घड़ी में हम सभी एकजुट रहें और राष्ट्रीय शांति व सौहार्द बनाए रखें। शहडोल संभाग जिला माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष सुनील मंत्री ने भी संभाग स्तरीय माहेश्वरी समाज की ओर से भी कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। एवं ईश्वर से प्रार्थना की है कि नृशंस कृत्य में शहीद हुए सभी निर्दोष नागरिकों को ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति दें।

बोरी बंधान कर जल संरक्षण का दिया संदेश

अनूपपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवाकुर संस्था जी.एस. हितकारिणी समिति कोतमा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के संयुक्त प्रयास से कोतमा विकासखंड के पुलिया नाला बैहाटोला में बोरियों का बोरी बंधान किया गया

चाड़ा ग्राम पंचायत में जनकल्याणकारी शिविर सम्पन्न

कलेक्टर ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार बुधवार को बजाग जनपद के अंतर्गत चाड़ा ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में डीएफओ श्री पुनीत सोनकर, एसडीएम सुश्री भारती मेरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कलेक्टर नेहा मारव्या ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य प्रकरणों के लिए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।महिलाओं ने पेयजल संकट और लाडली बहना योजना से वंचित रहने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को दो दिन के भीतर पानी की व्यवस्था करने और महिला एवं बाल विकास अधिकारी को लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

बैगाचक क्षेत्र के निवासियों एवं पद्मश्री अर्जुन धुर्वे ने वनग्रामों में रह रहे गैर-आदिवासी परिवारों को भी वन अधिकार पट्टा दिए जाने की मांग की। इस पर डीएफओ सोनकर ने बताया कि राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सभी पात्र परिवार आवेदन के साथ ग्राम पंचायत प्रस्ताव बनाकर भेजें। वहीं, ग्राम दादर टोला में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हेतु अतिथि शिक्षक की मांग पर कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनकल्याणकारी शिविर के दौरान ग्राम तांतर में बिजली की समस्या पर भी चर्चा हुई। विद्युत अधिकारियों ने बिल बकाया होने की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर ने तुरंत ट्रांसफार्मर लगाने और ग्रामीणों को बिल भुगतान की सलाह दी। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, संबल योजना, जननी सुरक्षा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह के रोकथाम की सलाह देते हुए बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं बालिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह करने की सलाह दिए। आशा कार्यकर्ताओं को कुपोषित बच्चों की पहचान कर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराने के निर्देश दिए।

आजीविका पुस्तकालय का उद्घाटन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डिंडौरी अंतर्गत जिले में संचालित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र औरई रोड में ज्ञानदान अभियान एवं आजीविका पुस्तकालय का शुभारंभ 22 अप्रैल 2025 को किया गया। ज्ञानदान अभियान अंतर्गत समुदाय के लोगों को स्वेच्छा से यूपीएससी, एसएससी बैंकिंग, रेलवे और राज्य सरकार की परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों के दान हेतु प्रेरित किया जावेगा। यह पुस्तकालय ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों और युवाओं को शिक्षा सामग्री उपलब्ध करना, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह परिवारों के लिए ज्ञान साझा करने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगी। कोई भी व्यक्ति प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें दान कर सकते है, श्री रूदेश परस्ते जिला पंचायत डिण्डौरी ने कहा कि सम्पूर्ण जिले की महिलायें उन्नति प्रशिक्षण केन्द्र डिण्डौरी मे आती है निश्चित ही क्षेत्र मे रहने वाले युवाओं का भविष्य इस केन्द्र के माध्यम से उज्जवल होगा। आजीविका ज्ञान केन्द्र की स्थापना के समय जयश्री नारायणडीह, कुसुम धुमकेती, अंजला धुमकेती, करिश्मा मसराम बिजौरा, पूजा राजपूत डिण्डौरी, मेघा नन्देहा पुस्तकों का दान किया, इस आजीविका पुस्तकालय का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते जी द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में आजीविका समूह की दीदी स्कूल कॉलेज के बच्चे ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक जे एस पट्टा जिला प्रबंधक, निशा रानी पड़वार, केशव प्रजापति, टी के दास, राम कुमार परस्ते, श संजीव रंजन, सुश्री नानबाई धुर्वे व सीएलएफ अध्यक्ष सुश्री सुहागवती मालवे, मीना बनवासी, सचिव सुश्री सम्पतिया धुर्वे, शारदा धुर्वे एवं समूह की दीदीयां उपस्थित रहें।

एसडीएम शहपुरा की नई पहल — ई-केवाईसी में उत्कृष्ट विक्रेताओं को सम्मान

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने शहपुरा व मेंहदवानी ब्लॉक की उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं की बैठक ली। समीक्षा में पाया गया कि दोनों ब्लॉकों में लगभग 81% उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी पूर्ण हो चुकी है। 90% से अधिक ईकेवाईसी करने वाले 14 विक्रेताओं को टब और चटाई देकर सम्मानित किया गया। इससे अब राशन वितरण के दौरान अनाज फर्श पर गिरने की बजाय साफ-सफाई से बड़े टबों में होगा। सभी विक्रेताओं को 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत ईकेवाईसी पूर्ण करने के निर्देश। वृद्ध व असमर्थ उपभोक्ताओं की घर-घर जाकर ई-केवाईसी करने के निर्देश। 'मेरा ईकेवाईसी ऐप' से प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। मृत, विवाह, डुप्लीकेट उपभोक्ताओं की पहचान कर सूची से हटाने की कार्यवाही। पात्र उपभोक्ता 30 अप्रैल तक ईकेवाईसी अवश्य करवा लें, ताकि आगामी स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था में बिना बाधा राशन प्राप्त हो सके।

ई-केवाईसी के लिए जिले में अभियान चलाने के कलेक्टर के निर्देश

कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में समग्र आईडी और राशन कार्ड उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक पात्र व्यक्ति की ई-केवाईसी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ई केवाईसी कार्य में पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक एवं मोबिलाइजर की बैठक लेने के निर्देश भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ई-केवाईसी कार्य का प्रतिदिन गंभीरता के आधार पर मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित की जाए, जिससे अभियान की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से विभागीय कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय पत्रों, आदेशों एवं छुट्टी का प्रतिवेदन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रेषित किया जाए। जिससे शासकीय कार्यों में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने समाधान ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शीघ्रता से इनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजलि द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की सहित जिले के

वाहनों पर पथराव की नहीं रूक रही वारदात

अराजक तत्वों ने इस बार मीडिया कर्मी को बनाया शिकार

अनूपपुर। बदरा से फुनगा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 हाइवे रोड में पिछले कई दिनों से वाहन चालकों के ऊपर बदमाशों द्वारा पथराव कर हमला किए जाने की वारदात लगातार सामने आ रही थी। नए मामले में मंगलवार की रात को कोतमा निवासी राजेश मिश्रा पयासी 52 वर्ष जो अपने मीडिया का काम करके अनूपपुर जिले से वापस कोतमा आने के दौरान भालूमाडा थाना अंतर्गत बदरा सिंह पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात बदमाशों के द्वारा पथराव कर हमला किया गया। हमले से पीछे खिड़की का कांच तेज आवाज से टूट गया अचानक हुए हमले से वाहन चला रहे राजेश पयासी घबराकर ब्रेक मारना पड़ा जिससे सिर एवं छाती में भी अंदरूनी चोट लगी है। घटना स्थल से कुछ दूर आकर गाड़ी रोककर देखा तो पीछे सीट के पास खिड़की का कांच टूट गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस एवं अन्य लोगों को दी गई। सूचना पाते ही थाना प्रभारी संजय खलको टीम सहित घटनास्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 118 (ए), 62, 324 (4) बीनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि इस प्रकार की घटनाएं हाईवे में पिछले तीन माह के दौरान लगातार सामने आई हैं। पूर्व में सुरेश खरे एवं पप्पू मिश्रा की कार पर भी हमला किया जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग

यातायात हाईवे पुलिस निष्क्रिय

हाइवे में हो रही दुर्घटनाओं एवं अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा हाल में ही यातायात हाईवे चौकी प्रारंभ कर एक दर्जन के लगभग स्टाफ की पदस्थापना भी की गई थी लेकिन चौकी खोले जाने के बाद से किसी प्रकार अपराधों में कमी नहीं आई बल्कि हाईवे पर वाहन मालिकों से चेकिंग के नाम पर परेशान किए जाने को लेकर लगातार शिकायते सामने आ रही हैं सामने आ रही है। जिस कारण उच्च अधिकारियों की मंशा पर पानी फिरते नजर आ रहा है।

हाईवे किनारे अवैध शराब की बिक्री

हाईवे में लगातार हो रही घटना का मुख्य कारण अपराधिक गतिविधियों का संचालन है जिसमें हाईवे के किनारे स्थित बस्तियों में अवैध शराब बिक्री होने के कारण इस प्रकार की वारदात सामने आ रही है। बदरा के समीप हाईवे के समीप स्थित गौशाला के पास शातिर अपराधियों द्वारा बड़े स्तर पर जुआ फड़ का भी संचालन बीच-बीच में किया जाता रहा है। जिससे अपराधियों का जमघट में लगता रहा है। स्थानीय नागरिको द्वारा हाईवे किनारे अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही की मांग की गई है। मीडिया कर्मी पर हुए हमले के बाद मीडिया से जुड़े लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए अपराधियों को जल्द पकड़े जाने की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक ने घटना पर चिंता जताई और आश्वस्त किया कि दो- तीन दिन में आरोपी पकड लिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। यह बहुत राहत की बात है

संवाद, समन्वय और जीवंत संपर्क का पर्याय है मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ

अनूपपुर। ग्राम और तहसील क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के साधारण सदस्य संगठन की रीढ हैं। संगठन के सभी पदाधिकारियो का यह कर्तव्य है कि पत्रकारों के सम्मान, स्वाभिमान और स्वतंत्र समाचार लेखन के अधिकार की रक्षा के लिये हर संभव प्रयास करें। अनूपपुर में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ शहडोल संभागीय इकाई और अनूपपुर जिला इकाई की संगठनात्मक बैठक मे उपरोक्त विचार मप्र के संगठन प्रभारी मो अली ने व्यक्त किये। मुख्य वक्ता के रुप मे मो अली ने उपस्थित पदाधिकारियो को बतलाया कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश का सबसे बड़ा एवं पत्रकारों के हितों की लडाई लड़ने वाला सबसे सक्रिय और जुझारु संगठन है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार समाजहित में सबसे महत्वपूर्ण और जवाबदेही का कार्य है। आपसी मनमुटाव और निहित स्वार्थों की यहाँ कोई जगह नहीं है । पत्रकारिता जब देश हित की जगह स्व हित मे बदल जाती है तो वह पतन का कारण बनती है । उन्होंने पत्रकारों को आपसी कलह और फूट के विरुद्ध चेताते हुए कहा कि संगठन के किसी भी पदाधिकारी को पत्रकार के विरुद्ध जाने से बचना होगा। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश अग्रवाल ने चिंता जाहिर की कि संगठनात्मक बैठकों में कुछ पदाधिकारी नहीं आए हैं । उन्होंने नव पत्रकारों से सीखने, करने और लेखनी के माध्यम से पर्यावरण समाज संरक्षण करने की अपील की।

प्रत्येक माह होगी बैठक

प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के मार्गदर्शन में 22 अप्रैल को अनूपपुर के धनश्री पैलेस में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की अनूपपुर जिला एवं शहडोल संभाग कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। जिसमें अनूपपुर, शहडोल, उमरिया जिले के लगभग 80 वरिष्ठ पदाधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में शहडोल संभाग में निवासरत प्रदेश कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों मो.अली संगठन प्रभारी एवं प्रांताध्यक्ष से सम्बद्ध, मनोज द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष, मेहदी हसन प्रदेश सचिव, कौशल बाबा पाठक प्रदेश संयुक्त सचिव, नीरज सिंह प्रदेश विज्ञापन प्रभारी, दिनेश अग्रवाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अजीत मिश्रा शहडोल संभाग अध्यक्ष, कृष्णा तिवारी महासचिव, अखिलेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष, भारत मिश्रा उपाध्यक्ष, पुष्पेन्द्र रजक उपाध्यक्ष, चंद्रकांत द्विवेदी उमरिया जिलाध्यक्ष, राजेश पयासी अनूपपुर जिलाध्यक्ष, गजेन्द्र सिंह शहडोल जिलाध्यक्ष, अरविन्द बियाणी, धनंजय तिवारी, शशिधर अग्रवाल के साथ बिजुरी, राजनगर, डोला, बनगंवा, डूमरकछार,कोतमा, पसान, जैतहरी, वेंकटनगर, चचाई, अमलाई, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक के वरिष्ठ पत्रकार गणों ने हिस्सा लिया। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती और पत्रकार हितों के तय बिन्दुओं पर आवश्यक चर्चा की गयी।

संगठन की मजबूती और विस्तार के लिये दिये सुझाव

बैठक में वरिष्ठ पत्रकार मेंहदी हसन, धनंजय तिवारी, अखिलेश पाण्डेय, विकास पाण्डेय, बाबा पाठक, कृष्णा तिवारी, चंद्रकांत द्विवेदी, गजेन्द्र सिंह, भारत मिश्रा, सुमिता शर्मा, अरुण पाल सिंह, संतोष झा, बेलाल अहमद, विजय जायसवाल, मनीष शुक्ला, दुर्गा शुक्ला, उमाशंकर पाण्डेय, राजकुमार तिवारी सहित अन्य लोगों ने संगठन के विस्तार और मजबूती के लिये अपने सुझाव दिये। कार्यक्रम का कुशल संचालन अजीत मिश्रा ने किया। जबकि स्वागत राजेश पयासी ने और आभार प्रदर्शन दीपक सिंह ने किया।

वरिष्ठ पत्रकारों का किया सम्मान

कोतमा के नीलू रजक, रुद्रमणि शुक्ला और उनके सात साथियों के साथ जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पटेल के साथ 14 अन्य स्थानों से आए पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता ली। वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द बियाणी, धनंजय तिवारी और शशिधर अग्रवाल का साल श्री फल और प्रतीक चिन्ह से सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। उपस्थित सभी पत्रकारों ने संगठन और पत्रकारिता के हित में एकजुटता से कार्य करने और प्रत्येक माह बैठक करने का संकल्प लिया।

अज्ञात मृतक की नहीं हो सकी पहचान

पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार

अनूपपुर। शशिधर अग्रवाल तीन दिन पूर्व अज्ञात ट्रेन की ठोकर से मृत अज्ञात युवक की पहचान ना हो पाने पर पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोननदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में कफन-दफन कर अंतिम संस्कार किया। 21 अप्रैल की सुबह अनूपपुर रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर कोतवाली थाना अनूपपुर पुलिस द्वारा बिलासपुर-अनूपपुर के तीसरी लाईन पर तिपान नदी के पास एक 25 से 30 वर्ष के लगभग उम्र के अज्ञात युवक का शव अज्ञात ट्रेन की ठोकर से गम्भीर चोट लगने पर स्थल पर ही मृत स्थिति में पड़े होने पर बरामद करते हुए मृतक के शव को जिला अस्पताल अनूपपुर के शव परीक्षण कक्ष के फ्रीजर में सुरक्षित रखाते हुए पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से मृतक की पहचान का प्रयास किया किंतु किसी भी तरह की पहचान ना होने के कारण कोतवाली थाना अनूपपुर के सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय, राजकुमार साहू, अनूपपुर जिला मुख्यालय अनूपपुर के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, जेसीबी चालक गोपाल राठौर एवं सफाई कर्मचारियों के साथ नगरपालिका परिषद अनूपपुर के सौजन्य से प्राप्त जेसीबी मशीन के माध्यम से अनूपपुर के सामतपुर में सोननदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में अज्ञात मृतक के शव को कफन, फूल माला, अगरबत्ती अर्पित करते हुए कफन-दफन कर ईश्वर से मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए अंतिम संस्कार किया गया।

हरिभूमि
नर्मदा भूमि
[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

जबलपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

सहायक पटवारी सर्वेयरों ने सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस सहायक पटवारी सर्वेयर संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार तेंदूखेड़ा को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि सहायक पटवारी सर्वेयरों को नियमित किया जाए तथा निश्चित मानदेय सुनिश्चित किया जाए। सभी के परिचय पत्र अधिकृत किए जाये जिससे स्वयं परिचय देने की जरूरत ना पड़े। सभी को सेफ्टी किट मोबाइल रिचार्ज और दुर्घटना बीमा योजना लाभ लागू किया जाये।फसल गिरदावली रवि और खरीफ सीजन का भुगतान नहीं किया गया है वह भी शीघ्र दिलवाया जाए। इस मौके पर योगेन्द्र प्रजापति राजेश शर्मा देवराज चौधरी राजेंद्र कोरी निखिल सेन प्रीतम प्रजापति अंकित कोरी संदीप पटेल अनिल लोधी सोनू मेहरा प्रशांत पटेल प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

शैलेंद्र ने बढ़ाया जिले का गौरव

नरसिंहपुर। यूपीएससी 2024 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गये जिसमें जिले को एक छात्र ने गौरवपूर्ण सफलता प्राप्त की। नगर निवासी शैलेंद्र पिता इंजी. एम. के अहिरवार ने यूपीएससी परीक्षा 2024 में 362 वीं रैंक हासिल किया। शैलेंद्र ने अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। विदित हो कि शैलेंद्र चौधरी के पिता इंजी.एम.के अहिरवार मप्र.अजाक्स जिला नरसिंहपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक हैं और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में सब इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहते हुए जिले में विभिन्न सिंचाई एवं डेम परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में विगत 25 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

स्कूल संचालन में समय परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक का समय परिवर्तन किया है। नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक के समस्त शैक्षणिक संचालन का समय प्रात 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नियत किया है। दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय यथावत रहेगा। परीक्षाएं यथावत संचालित की जाएगी और मूल्यांकन का कार्य यथावत समय पर सम्पादित होंगे। यह आदेश 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रभावशील किया गया है।

सुपरवाइजर को रुपये ना देने पर कार्य से हटाया

पैसे लेकर की जाती है सर्वेयरों की भर्ती

पीड़ति ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। गत दिवस गेंहू उपार्जन कार्य मे सर्वेयर के रूप में कार्य करने वाले दो कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर के नाम लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत मे बताया गया है कि गेंहूं उपार्जन कार्य के लिए लगाए जाने वाले सर्वेयरों द्वार राशि वसूल कर उन्हे कार्य पर रखा जाता है तथा मनमाफिक केंद्रों पर कार्य कराया जाता है। शिकायतकर्ता पूर्व में सी.डब्ल्यू.सी.-2 वेयर हाउस, कृषि उपज मंडी परिसर नरसिंहपुर में गेंहू उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिये समिति सर्वेयर एवं गोदाम सर्वेयर के पद पर कार्यरत रहे। यशपाल सिंह व विनोद कुमार ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर सर्वेयर व गोदाम सर्वेयर की रुपये लेकर भर्ती किये जाने के मामले की जांच कर सुपरवायजर रीतेश कौरव को निलंबित किये जाने की मांग की है।

मामला इस प्रकार

पीड़तों द्वारा दी गई शिकायत मे उल्लेख किया गया है कि गेहूं उपार्जन हेतु की गई सर्वेयर भर्ती में नियुक्ति के लिए सुपरवाइजर द्वारा भर्ती के नाम पर 4-4 हजार रूपए की मांग की गई तथा सेंटर चुनने के लिए दो हजार रूपयें मांगे गए। उक्त पद के लिए भर्ती प्रक्रिया 15 मार्च को हुई थी। जिसमें

सुपरवाइजर द्वारा 5 - 5 हजार रूपए मांगे गए थे। पैसे ना देने पर डी एम के समक्ष शिकायत की गई तथा उन्हे धमकाया गया। शिकायत मे उल्लेख किया गया है कि सुपरवाइजर द्वारा कहा गया कि उसके अधिनस्थ 336 सर्वेयर कार्य करते है अब मै बताउंगा सुपरवाइजर का पावर क्या होता है। आवेदन मे बताया गया कि उनके विरूद्ध जो शिकायत की गई व पूर्णतः निराधार व झूठी है। सुपरवाइजर द्वारा की गई शिकायत की सूक्ष्मता से जांच कराई जाए।

बिना जांच के पद से हटाया

आवेदन में बताया गया कि सुपरवाइजर द्वारा की गई शिकायत पर बिना किसी जांच व ठोस कारण के पद से हटा दिया गया। और दूसरे सर्वेयर को नियुक्त कर दिया गया। नियुक्त किए गए सर्वेयरों से 5-5 हजार रूपया लेकर पद पर नियुक्त किये हैं, सुपरवाईजर जो कि गृह जिला के निवासी हैं जो पिछले तीन साल से नरसिहपुर जिले में पदस्थ हैं क्योंकि इनके छोटे भाई भोपाल में सर्वेयरों को उपलब्ध कराने वाली फर्म में उच्च पद पर पदस्थ है जिसका नाजायज फायदा उठाते हुए मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं एवं दोनों भाई नरसिंहपुर में सर्वेयरों की भर्ती करते हैं और कहते हैं कि ये पैसा

ऊपर तक जाता है।

कलेक्टर से लागई न्याय की गुहार

पीड़तों द्वारा कलेक्टर के नाम आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है तथा सुपरवाईजर द्वारा जिले में रहकर अपने पद का दुरूपयोग किया जा रहा है। यदि सुपरवाइजर पर ठोस कार्रवाई नही की गई जो जिले के सर्वेयरों का इसी तरह शोषण होता रहेगा। ऐसी स्थिति में ऐसी फर्म को ब्लेक लिस्ट करना चाहिये नही तो इसी तरह शोषण होता रहेगा और अवैधानिक कार्य को बढ़ावा मिलता रहेगा। आवेदक ने ऐसे सुपरवाईजर के कार्यों की शीघ्र जांच कर तत्काल प्रभाव से निलंबत किये जाने की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जावेगी।

गेहूं तुलाई के लिए सर्वेयर ने मांगे थे पैसे, किसानों के साथ की मारपीट

जिले के दीप वेयरहाउस कनवास में किसानों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन ने इस घटना का विरोध करते हुए बुधवार को उप पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। घटना 21 अप्रैल की है। जब रमखिरिया के किसान राजवीर और धर्मवीर जाट समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वेयरहाउस पहुंचे थे। वहां सर्वेयर और ओम भैया ने तुलाई के लिए 4000 रुपए की मांग की। किसानों के मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की। फिर उन्हें कमरे में बंद कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष विमलेश लोधी ने बताया कि शाम 4-5 बजे गेहूं के सैंपल बैग निकाले गए। इसका सबूत सीसीटीवी में मौजूद है। आरोपियों ने किसानों से जबरन पंचनामे पर हस्ताक्षर करवाए। किसान किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे। यूनियन नेता देवेंद्र पाठक ने कहा कि किसानों के साथ ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया को सौंपे ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि दोषियों पर ठोस कार्रवाई नही की गई तो उग्र आंदोलन किया जावेगा।

कृषि कर्मचारी ने विभिन्न मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बुधवार को संयुक्त मोर्चा किसान कल्याण तथा कृषि अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2015 से अधिकारियों- कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं दिये जाने, समय से समयमान वेतनमान स्वीकृत नहीं किये जाने एवं पांच स्तरीय समयमान वेतनमान जैसी मांगों के पूरा नहीं होने से कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। जबकि मुख्यमंत्री द्वारा उक्त मांगो पर कर्मचारियों को आश्वस्त किया गया था कृषि विभाग द्वारा कोई भी ठोस कदम उठाया जाना धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा हैं। उक्त उदासीनत के चलते हैं कृषि विभाग के सभी स्तर के अधिकारी कर्मचारी अपना सांकेतिक विरोध दर्ज कराने हेतु दिनांक 9 अप्रैल से लगातार काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्त प्रर्दशन 30 अप्रैल तक अनवरत जारी रहेगा। संयुक्त मोर्चा द्वारा अपनी आठ सूत्रीय मांगो को लेकर प्रर्दशन किया जा रहा है। जिसमें पात्र हो चुके अधिकारियों कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने हेतु यथाशीघ्र स्वीकृति आदेश प्रसारित किये जावें। कृषि विभाग तकनीको प्रकृति का होने के कारण संचालक के पद पर तकनीकी

अधिकारी की ही पदस्थापना की जाए तथा संचालनालय में कमिश्नर की पदस्थापना की जावे। कृषि विभाग तकनीकी प्रकृति का होने के कारण पांच स्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदाय किया जाए। विभाग में सेवानिवृत्त अधिकारियों को संविदा पर रखा जावे तथा विभागीय संस्थाओं जैसे बीज प्रमाणीकरण संस्था, एवं अन्य में विभागीय अधिकारी से ही पदस्थापना की जावे। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के प्रथम उच्चतर वेतन 4200 के स्थान पर ग्रेड पे 5400 (छठवें वेतनमान अनुसार) किया जावे सहित विभिन्न मांगे शामिल है। उक्त मौके पर उमेश कटहरे, डॉ आर एन पटेल, डॉ अभिषेक दुबे, डॉ दीप्ति यादव, श्रीमती शिल्पी नेमा, रश्मि ठाकुर, सुनीता मवासे, पूजा पासी, उषा पचैरी, विभा सिंह तोमर, भारती मेहरा, एन के आरसे, एस के मेहरा, एस बी गुप्ता, पी एस कौशल, संजय लमानिया, दिनेश कुमार परतेती, एस के वासनिक, रामकरण पाटीदार, डी पी मेहरा सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस के संगठन संबंधी चुनाव निष्पक्ष होंगेः चैहान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। युवा कांग्रेस हो या कांग्रेस के संगठन चुनाव हो कांग्रेस पार्टी ने पारदर्शिता से कार्य किया है और सभी कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। इस बार भी युवा कांग्रेस के संगठन संबंधी चुनाव निष्पक्ष रूप से होंगे। उक्त बात बीते दिवस जिला युवा कांग्रेस निर्वाचन अधिकारी आशीष चैहान ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। श्री चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने मध्यप्रदेश में यूथ कांग्रेस चुनावों का ऐलान किया है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का चुनाव चुनाव होगा। जिसमें स्टेट प्रेसिडेंट, स्टेट कमेटी, डिस्ट्रिक्ट कमेटी के सदस्य भी चुने जाएंगे। साथ ही विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष तक के चुनाव होंगे जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके अंतर्गत 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कोऑर्डिनेटर जिलों का दौरा करेंगे, नॉमिनेशन 27 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगे। दावे

आपत्तियों पर सुनवाई 28 अप्रैल से 7 मई तक होगी।नॉमिनेशन फॉर्म्स की स्क्रूटनी 7 मई से 11 मई तक चलेगी। साथ ही तय एज क्राइटेरिया के अनुसार 18 से 35 वर्ष के सदस्य किसी भी पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। पिछले बार 2020 में हुए थे चुनाव में कुछ जिलो को एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया है। चुनाव के अभ्यर्थी की आयु 27.04.1990 से 26.04.2007 तक मान्य होंगे। एक सदस्य 6 वोट करेंगे जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष ,ब्लॉक अध्यक्ष सदस्यता और वोटिंग होगी। श्री चौहान ने युवा कांग्रेस की आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उक्त मौके पर युवक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद थे।

साहू समाज द्वारा अमर्यादित टिप्पणी पर कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस 21 अप्रैल 2025 को पत्रकार राधे साहू व अन्य के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 खमतरा के पास अवैध पेड़ों की कटाई की सूचना पर वन विभाग व राजस्व विभाग द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर समाचार कवरेज के पश्चात रात्रि करीब साढ़े दस बजे राधे साहू के मोबाइल पर निजी अस्पताल संचालक हरभजन सिंह खनूजा (लकी) द्वारा अभद्रता करते हुए गाली गलौंच की तथा संपूर्ण साहू समाज को लेकर व्यक्तिगत तौर पर जातिगत रूप से समाज को अपमानित करने वाले शब्दों का प्रयोग किया गया जिसे लेकर साहू समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की।

पृथ्वी दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस पृथ्वी दिवस पर समीपी ग्राम रमखिरिया के शासकीय विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानपाठक और राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन की मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा के निर्देशन में उपस्थित बच्चों में चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पृथ्वी दिवस पर चित्र साझा किए और यह जाना कि यदि हमें पृथ्वी को सजाना और सँवारना है तो हमें पोलोथीन नलको ना और वृक्षारोपण को हां कहना ही होगा। लोग बचा हुआ खाना पॉलिथीन में बांधकर कूड़े में डाल देते हैं जिस कारण वह बेसहारा पशुओं के पेट में चली जाती है तथा पशुओं की मृत्यु हो जाती है। यदि हमें पृथ्वी को बचाना है तो स्वार्थ को त्याग कर बेजुबान पशु-पक्षियों को भी बचाना होगा। विद्यालय की ओर से छात्रों को मिट्टी के पात्र दिए गए ताकि वे उनमें जल भरकर पंछियों की प्यास बुझा सकें।

तहसील परिसर में जरूरत है किसानों को बैठने छायादार शेड की और पीने के पानी की

तेंदूखेड़ा । एक तरफ जहां शासन किसानों को तरह तरह की योजनाओं के माध्यम से उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दे रही है ।वहीं दूसरी तरफ किसानों की विभिन्न समस्याओं को निराकृत करने वाले विभाग तहसीली में किसानों को बैठने ना तो छायादार शेड है और ना ही पीने के पानी को लेकर उचित व्यवस्था। यहां वहां पेड़ों के नीचे बैठकर छांव तलाशते नजर आते हैं तो पीने के पानी के लिए भी चाय पानी की दुकानों तरफ भागा करतें हैं। परिसर मे रखे दो चार मटके कर्मचारियों को भी पूरे नही हो पाते है। यह समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है ।अनेकों अधिकारी आने जाने के बावजूद इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सका।

पूर्व में बनाई थी पेयजल व्यवस्था

भीषण गर्मी में पानी की समस्या और आने वाले हितग्राहियों कृषकों को शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु तहसील कार्यालय के सामने एक छोटी सी टंकी बनाकर उसमें दो टोंटियां लगाकर पेयजल की व्यवस्था की गई थी लेकिन काफी लंबे समय से अब वह भी नहीं है।पथरीला क्षेत्र होने के कारण इस परिसर में एक भी हैंडपंप नहीं है। जिसमें किसान पानी पी सकें एक हेंड पंप यहां पर लगाया भी गया था। लेकिन फोरलेन निर्माण के दौरान अब वह भी नहीं रहा। थोड़ा बहुत पानी निकला करता था।

पेड़ों के नीचे बैठकर करते हैं इंतजार

अक्सर कर देखने में मिलता है कि यहां पर आने वाले किसानों और अन्य काम लेकर आने वाले फरियादियों को कार्यालय के बाहर तरफ लगे पेड़ों के नीचे बैठकर इंतजार करना पड़ता है। पूर्व में पूर्व विधायक संजय शर्मा ने अपनी निधि से यहां पर किसानों को एक शेड निर्माण करवाया था लेकिन उसमें अब कोई दूसरी शाखा संचालित हो रही है। किसानों की सुविधा की दृष्टि से यहां पर पानी और छाया दार शेड की व्यवस्था गर्मी को देखते हुए नितांत आवश्यक है।

दस्तावेज लेने जाना पड़ता है ब्रिज पार

सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्थिति यह बनीं हुई है कि तहसील कार्यालय ब्रिज की दूसरी तरफ है और लिखा-पढ़ी अन्य दस्तावेजों आवेदनों को टाइप करवाने फार्म लाने हेतु दूसरी तरफ ब्रिज पार करके आना जाना पड़ता है। तहसील कार्यालय और दुकानों के बीच में एन एच 45 की सड़क है। सुविधा की दृष्टि से कार्यालय परिसर में ही दुकानें आवंटित होने से किसानों और काम कराने आने वाले लोगों को आसानी हो जायेगी। कार्यालय के सामने तरफ से जगह भी खाली पड़ी हुई है।

भाविप द्वारा लगाया गया प्याऊ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस भारत विकास परिषद शाखा द्वारा वैशाख मास में प्यासे राहगीरों हेतु निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था प्याऊ लगाकर की गई। प्याऊ का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी रीजनल महिला सहभागिता प्रमुख भारती कौरव प्रांतीय उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा शाखा के पूर्व अध्यक्ष शिरीष पुरोहित वर्तमान अध्यक्ष उमेश दुबे शाखा सचिव सोमराज कोरी की सक्रिय सदस्यों की सहभागिता रही कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद स्वरूप सत्तू खिलाकर मुंह मीठा कराया गया कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी उपस्थित जनों का शाखा संस्कार प्रमुख पवन पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।